2025

HINDI — MDC

Paper : CC-7

(Hindi Natak Aur Ekanki)

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(हिंदी नाटक और एकांकी)

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) भगवान ने स्त्रियों को उत्पन्न करते ही अधिकारों से वंचित नहीं किया है। किन्तु तुम लोगों की दस्यु-वृत्ति ने उन्हें लूटा है।

(ख) जहां न धर्म न बुद्धि नहीं, नीति न सुजान समाज।
ते ऐसहि आपुहि नसैं, जैसे चौपटराज।।

(ग) "अल्लाह ने मुझे जितनी सांसें बख़्शी थीं, उसका एक कतरा भी मैं अदा नहीं कर पाया। क्या मुँह दिखाउँगा उन्हें?"

(घ) पूरे प्रांत में मैं ही ऐसा व्यक्ति हूँ जिसने पाठशालाओं में शारीरिक दण्ड तत्काल बंद करने पर जोर दिया है। घर के नौकरों को ही लें। उनपर कितना अत्याचार किया जाता है। इस अत्याचार के विरुद्ध मैंने नौकर यूनियन स्थापित की है।

(ङ) मुझे वर्षों पहले यहाँ लौट आना चाहिए था ताकि यहाँ वर्षा में भींगता, भींगकर लिखता – वह सब जो अब तक नहीं लिख पाया और आषाढ़ के मेघों की तरह वर्षों से मेरे अन्दर घुमड़ रहा है।

2. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) 'अंधेर नगरी' नाटक में तत्कालीन शासन व्यवस्था पर व्यंग्य किया गया है, कथन की समीक्षा कीजिए।

(ख) माधवी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में वर्णित समस्याओं पर विचार कीजिए।

(घ) 'अधिकार का रक्षक' एकांकी में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'स्ट्राइक' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करते हुए इसके आधुनिक संदर्भ को स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) रामगुप्त किस राज्य का सम्राट था?

(ख) औरंगजेब की मृत्यु के समय उसकी आयु क्या थी?

(ग) राजा ययाति ने माधवी को किसे भेंट में दिया था?

(घ) भारतेंदु द्वारा रचित किसी एक प्रहसन का उल्लेख कीजिए।

(ङ) विलोम किस नाटक का पात्र है?

(च) 'स्ट्राइक' किस विधा की रचना है?

(छ) नेताओं के दोहरे चरित्र पर व्यंग्य करने वाली कौन-सी एकांकी है?

(ज) 'स्वर्ग में विप्लव' के रचनाकार कौन हैं?

(झ) विशु किस रचना का पात्र है?